>

Title: The Minister of Mines laid a statement regarding status of implementation of the recommendations contained in the 29th and 32nd Reports of the Standing Committee on Coal and Steel on Demands for Grants (2007-08 and 2008-09, respectively), pertaining to the Ministry of Mines.

खान मंत्री (श्री शीश राम ओला) : मान्यवर, मैं, लोक सभा के माननीय अध्यक्ष के निदेशानुसार, कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति की 29वीं और 32वीं रिपोर्ट में शामिल, खान मंत्रालय से संबंधित सिफारिशों के कार्यान्वयन के संबंध में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति की 29वीं और 32वीं रिपोर्ट, लोक सभा में क्रमशः 07.12.2007 और 16.4.2008 को प्रस्तुत की गई है जो खान मंत्रालय की वर्ष 2007-2008 और 2008-2009 की अनुदान मांगों के लिए थी। इन रिपोर्टों पर की गई कार्रवाई का विवरण दिनांक 9.6.2008 और 1.10.2008 को समिति कार्यालय को भेज दिया गया है। समिति की 29वीं और 32वीं रिपोर्टों में 7-7 सिफारिशें थीं जिन पर सरकार की ओर से कार्रवाई करना अपेक्षित था।

इनके कार्यान्वयन की स्थिति मेरे वक्तव्य के अनुबंध -I और II में बतायी गई है, जिसे सदन के पटल पर रख दिया गया है। मैं, इस अनुबंध को पढ़ने में सदन का बहुमूल्य समय नहीं लेना चाहूंगा और यह अनुरोध करता हूं कि इन्हें पढ़ा गया मान लिया जाए।

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT/0171/08)